Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार


# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 109 ▫ रायपुर, बुधवार 14 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## धमतरी में नकाबपोशों ने दुकान में घुसकर व्यापारी पिता-पुत्री पर किया हमला, चली गोली







**धमतरी** 14 मई (हाईवे चैनल)। धमतरी शहर में बीती रात गोली चली है जिसमें पिता-पुत्री के घायल हुए। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर रोड पर पावर हाउस के पास व्यापारी भंवरलाल बरड़िया 60 वर्ष का बरड़िया आभूषण दुकान और निवास है। बताया जा रहा है कि कल रात दो नकाबपोश दुकान पहुंचे और व्यापारी पर लोहे के बट से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। चीख पुकार के बाद उनकी बेटी नैना 23 वर्ष दुकान पहुंची जिस पर भी नकाबपोशों ने गोली चलाकर हमला कर दिया जिससे बेटी के पैर में गोली लगी और वह भी घायल हो गए। जिसके पश्चात् दोनों नकाबपोश फरार हो गए। आसपास के लोगो द्वारा तत्काल घायलों को बठेना अस्पताल ले जाया गया। जंहा उनका उपचार जारी है। घटना के बाद शहर में हड़कंप मच गया है। लोगों में इस वारदात को लेकर व बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। भागने के सभी रास्तो पर बारीकी से जाँच की जा रही है। इस हमले की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। न ही किसी प्रकार की लूट हुई है. पुलिस घायल सराफा कारोबारी और उसकी बेटी के अलावा आसपास के लोगों से जानकारी जुटा कर जांच को आगे बढ़ा रही है। गोली चलने की आवाज सुनआसपास के लोग सकते में आ गए और दौड़कर बरड़िया ज्वेलर्स पहुंचे। वहां पिता-पुत्री घायल मिले। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोपियों तक पहुँचने पुलिस हर प्रयास कर रही है।

- बरड़िया आभूषण में बीती रात में हुई वारदात, उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती
- बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर व्यापारियों, शहरवासियों में रोष

### घायलों को देखने महापौर रामू रोहरा पहुंचे अस्पताल, कराई गृह मंत्री से बात

वारदात के बाद घायल भवंरलाल बरडिया का हालचाल जानने महापौर रामू रोहरा मसीह अस्पताल में पहुंचे। श्री बरड़िया का कुशलक्षेम पूछा। मुलाकात के दौरान श्री रोहरा ने घायल श्री बरड़िया की बात प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से कराई। श्री बरड़िया ने अपने स्वास्थ्य की कुशलता बताई। इस दौरान निर्मल बरड़िया व महेंद्र खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

**चैंबर ऑफ कॉमर्स व सराफा एसोसिएशन ने की एसपी से मुलाकात** - कल व्यापारी भंवरलाल बरड़िया व उनकी पुत्री पर हमले को लेकर आज धमतरी चैबर ऑफ कॉमर्स के साथ पूरा सराफा एसोशिएशन एसपी से मुलाकात करने पहुंचा। इस दौरान हमलावरों को जल्द पकड़ने और कड़ी कार्यवाही के साथ शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स, सराफा एसोसिएशन, रेडीमेड एवं कपड़ा व्यापारी संगठन, किराना व्यापारी संगठन, जिला ओषधि विक्रेता संघ सहित अन्य व्यापारिक संगठनों के व्यापारी मौजूद रहे।

**विधायक, जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेसी पहुंचे बरड़िया निवास, जाना कुशलक्षेम, की दोषियों को जल्द पकड़ने की मांग**- कल हुए वारदात के बाद आज कांग्रेसी बरड़िया निवास पहुंचे और परिजनों से भेंट कर घायलों का कुशलक्षेम पूछा। विधायक ओंकार साहू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा आदि ने परिजनों से भेंट की। इस दौरान मौजूद पुलिस अधिकारियों से दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

"शुरुआती जांच में सामने आया है कि 2 बदमाशों ने व्यापारी के सिर पर बंदूक की बट से वार किया है। व्यापारी की बेटी नैना के पैर में गोली का छर्रा लगा है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में नाकेबंदी की है। आरोपियों को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास जारी है।"

**- मणिशंकर चंद्रा, एएसपी धमतरी**

## न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बने भारत के नए प्रधान न्यायाधीश; राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई शपथ



**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) का पद संभाल लिया। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण कराई। सीजेआई बीआर गवई ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जस्टिस गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली, जो बीते दिन ही सेवानिवृत्त हुए थे। इससे पहले बीते माह की 30 तारीख को कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना ने केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी।

परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे थे, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई। कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी

## राष्ट्रपति से मिले तीनों सेना प्रमुख, सीडीएस भी रहे मौजूद



इधर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया था। राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके आगे लिखा गया कि राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक शानदार सफलता बना दिया। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों पर केंद्रित, मापा हुआ और गैर-बढ़ावा देने वाला हमला किया, जिसमें 100 से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान के सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया, जबकि मुज़फ़्फ़राबाद, कोटली और भीमबर में छिपे ठिकानों पर भी हमला किया गया। यह ऑपरेशन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। इस हमले का कोड नाम ऑपरेशन सिंदूर था।

**ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी**

## ब्रेकिंग न्यूज

### गलती से पाकिस्तान सीमा पार गए बीएसएफ जवान की रिहाई

**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)। पंजाब के फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की बुधवार को रिहाई हो गई है। वे सकुशल वापस पहुंच गए हैं। शॉ की सुरक्षित रिहाई के लिए बीएसएफ़ ने अथक प्रयास किया था। पाकिस्तान की कैद से 504 घंटे में हुई बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए छह से अधिक फ्लैग मीटिंग की गई तो वहीं अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर 84 बार सीटी बजाई गई थी। सीओ लेवल की मीटिंग के अलावा बीएसएफ और रेंजर्स के शीर्ष अधिकारियों ने भी इस मुद्दे पर बातचीत की। बता दें कि बीएसएफ जवान 23 अप्रैल को गलती से पाकिस्तान की तरफ चला गया था। जवान की सकुशल रिहाई के लिए बीएसएफ द्वारा लगातार प्रयास जारी रखे गए।

### पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के नए चेयरमैन बने

**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)।पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए है। उनकी नियुक्ति को लेकर राष्ट्रपति द्रैपदी मुर्मू ने मंगलवार को आधिकारिक आदेश भी दे दिया है। इस वर्ष 29 अप्रैल को प्रीति सूदन का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके बाद से ही यूपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली था। बता दें कि यूपीएससी के नए अध्यक्ष अजय कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1985 बैच के सेवनिवृत्त अधिकारी है। वो केरल कैडर से ताल्लुक रखते है। उन्होंने 23 अगस्त 2019 से 31 अक्टूबर 2022 तक रक्षा सचिव के पद पर काम किया और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। बता दें कि अजय कुमार यूपीएससी के अध्यक्ष अक्टूबर 2027 तक बने रहेंगे। बता दें कि यूपीएससी में नियम है कि अध्यक्ष का कार्यकाल या छह वर्ष का होता है या फिर 65 वर्ष की आयु का होगा।

## भारतवंशी अनिता आनंद बनी कनाडा के विदेश मंत्री



**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)। कनाडा की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ है। हाल ही में प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी ने अपनी नई कैबिनेट का ऐलान किया है। इस नई कैबिनेट में अनिता आनंद को कनाडा की विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने मेलानी जोली की जगह ली है। प्रधानमंत्री कार्नी ने पुराने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की 39 सदस्यीय टीम को घटाकर 29 मंत्रियों की नई टीम बनाई है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर अनिता आनंद को बधाई दी और लिखा-विदेश मंत्री बनने पर अनिता आनंद को बधाई।

अनीता आनंद एक प्रसिद्ध वकील, प्रोफेसर और शोधकर्ता हैं। उन्होंने 2019 में पहली बार ओकविल से सांसद के रूप में चुनाव जीता था और 2021 में फिर से चुनी गईं।वह नोवा स्कोटिया में पैदा हुई थीं और 1985 में ओंटारियो चली गई थीं। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं और पंजाब से संबंध रखते हैं। उनके पिता एस.वी. आनंद जनरल सर्जन थे और मां सरोज राम एनेस्थीसियोलॉजिस्ट थीं।

## एक ही परिवार के 4 लोगों के घर पर मिले शव, पत्नी और बच्चों को जहर देकर खुद आत्महत्या करने की आशंका



**महासमुंद,** 14 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में आज एक ही परिवार के 4 लोगों के एक साथ शव मिले हैं. मृतकों में पति-पत्नी और उनके 2 मासूम बच्चे भी शामिल हैं. बागबाहरा के शासकीय हाउसिंग बोर्ड कालोनी के II-2 बिल्डिंग के अपने मकान नं. 05 में रहने वाले बसंत पटेल (42 वर्ष) का शव फंदे पर लटकता मिला, जबिक उसकी पत्नी भारती पटेल (38 वर्ष), बेटी सेजल पटेल (11 वर्ष) और बेटे कियांश पटेल (04 वर्ष) के शव फर्श पर पड़े मिले हैं. सूचना मिलने पर एसपी समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, बसंत पटेल आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय बागबाहरा मे प्यून ( भृत्य ) के पद पर कार्यरत था. आज जब उनकी लाश मिली तो घर अंदर से बंद था. आशंका है कि बसंत पटेल ने अपने परिवार को जहर देकर खुद फांसी लगाकर जान दे दी. फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.

## छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा नया विधानसभा भवन सितम्बर तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश



- 51 एकड़ क्षेत्र में बन रहा है भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधानसभा परिसर
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की उच्च स्तरीय समीक्षा

रायपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंगों में विभाजित किया गया है—विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष, पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फिक्स्ड फर्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। विधानसभा परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली, 300 किलोवॉट सोलर पैनल और 500 सीटर ऑडिटोरियम की स्थापना की जा रही है, जिससे यह परिसर पर्यावरणीय दृष्टि से भी आदर्श उदाहरण बने। संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, मुकेश बंसल, डॉ. बसवराजू एस, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी ने दीपक बैजको पत्र लिखकर उनकी तारीफ की है।

चुहिया- हां जी, नेता कब दोस्त और दुश्मन होते हैं, कह नहीं सकते।

## पति का पराई औरत से रिश्ता 'क्रूरता' नहीं : हाईकोर्ट



**दहेज के मामले में दिया फैसला**

**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि किसी व्यक्ति का विवाहेतर संबंध क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के समान नहीं है, जब तक कि यह साबित न हो जाए कि इससे पत्नी को परेशान या पीड़ा हुई है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि विवाहेतर संबंध दहेज हत्या के लिए पति को फंसाने का आधार नहीं है, क्योंकि कथित संबंध और दहेज की मांग के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके परिणामस्वरूप, अदालत ने एक व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे 18 मार्च, 2024 को अपनी पत्नी की उसके ससुराल में अप्राकृतिक मृत्यु के बाद आईपीसी की धारा 498ए (क्रूरता)/304-बी (दहेज हत्या) के अलावा धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत गिरफ्तार किया गया था। यह घटना शादी के लगभग पांच साल के भीतर हुई थी।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने इस बात का संकेत देने के लिए सामग्री का सहारा लिया कि आवेदक एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध में शामिल था। इसके समर्थन में कुछ वीडियो और चैट रिकॉर्ड का हवाला दिया गया है। हालांकि, यह मानते हुए भी कि ऐसा कोई संबंध था, कानून में यह तय है कि विवाहेतर संबंध, अपने आप में, धारा 498ए आईपीसी के तहत क्रूरता या धारा 306 आईपीसी के तहत उकसावे के दायरे में नहीं आता है, जब तक कि यह नहीं दिखाया जाता है कि मृतक को परेशान करने या पीड़ा पहुंचाने के लिए संबंध बनाए गए थे। फैसले में कहा गया विवाहेतर संबंध आरोपी को धारा 304बी आईपीसी के तहत फंसाने का आधार नहीं हो सकता। न्यायालय ने माना कि उत्पीड़न या क्रूरता को दहेज की मांग या निरंतर मानसिक क्रूरता से जोड़ा जाना चाहिए जो मृत्यु से ठीक पहले हुई थी। वह व्यक्ति मार्च 2024 से हिरासत में था और न्यायालय ने कहा कि उसे लगातार हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य

## सिनेमा जगत के महान सितारा रॉबर्ट बेंटन का निधन



**नई दिल्ली,** 14 मई (न्यूज चैनल)। हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और ऑस्कर विजेता रॉबर्ट बेंटन का निधन 92 साल की उम्र में हो गया। उनका निधन न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित उनके घर पर हुआ। बेंटन को फिल्म 'क्रेमर वर्सेज क्रेमर' के निर्देशक और लेखक के तौर पर बड़ी पहचान मिली थी। इस फिल्म ने 1979 में 5 ऑस्कर पुरस्कारों को जीते थे और इसमें डस्टिन हॉफमैन और मेरिल स्ट्रीप के शानदार अभिनय की भी खूब सराहना की गई थी। बेंटन का फिल्मी सफर लगभग छह दशकों तक फैला हुआ था। उन्हें तीन अकादमी पुरस्कार मिले और उन्होंने कई ऐतिहासिक और यादगार फिल्मों का निर्देशन किया। उनके द्वारा लिखी गई फिल्म 'बोनी एंड क्लाइड' (1967) ने हॉलीवुड सिनेमा को एक नया दृष्टिकोण दिया था और यह फिल्म 60 के दशक के कल्चर का प्रतीक बन गई।